# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री विमलचन्द जैन पुत्र श्री फूलचन्द जैन विवेकानन्द कॉलोनी, हिण्डौन रोड, महवा जिला दौसा–321608।

**बनाम**

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा।

अपील सं0 39/2020

**<u>निर्णय</u>** दिनांक : 06.10.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1695 दिनांक 08.09.2020 एवं स्मरण पत्रांक डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1877 दिनांक 24.09.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा से जॉच टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई है परन्तु पत्रावली मे आवेदक द्वारा अपील के संलग्न तहसीलदार महवा के पत्रांक राजस्व/2020/3467 दिनांक 17.08..2020 से स्पष्ट होता है कि आवेदक को सूचना के संबंध मे वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। उक्त पत्रांक 3467 दिनांक 17.08.2020 की छायाप्रति पत्रावली मे संलग्न है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा